इंकॉइस में हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी आरंभ

इंकॉइस, हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी-2015 में भाग लेते हुए मध्य-प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डी.डी. ओझा, इंकॉइस के निदेशक डॉ. एस.ए.सी. शेनॉय, हैदराबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी प्रोफेसर डॉ. रविरंजन, स्थानीय आयोजन समिति व राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के.के.वी. चारी एवं अन्य।

हैदराबाद, 28 सितंबर-(मिलाप ब्यूरो)

भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (इंकॉइस), हैदराबाद में आज से 'हमारे जीवन में सागर की भूमिका : वैज्ञानिक दृष्टिकोण' विषय पर हिन्दी में एक राष्ट्रीय हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी 29 सितंबर को भी जारी रहेगी।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 29 सितंबर तक इंकॉइस में राष्ट्रीय हिन्दी वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'हमारे जीवन में सागर की भूमिका-एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण' है। इसके अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी पूर्ण रूप से हिन्दी में होगी, ताकि साधारण जनमानस भी इससे लाभान्वित हो सके।